# Description & Importance of the Project

कार्य का नाम :– रानीखेत जालली मॉसी मोटर मार्ग से पनघट से गुलोली होते हुवे अम्याड़ी की ओर लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण।

विधान सभा क्षेत्र :– रानीखेत।

स्वीकृति का संदर्भ :– इस कार्य की प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 1935/III(2)/15–03 (मु0मं0घो0)/2015 दिनांक 26.3.2015 द्वारा प्राप्त है।

लागत :– रू0 18.43 लाख ( प्रथम चरण ) ।

लम्बाई :– 2.00 किमी0 ।

जनपद अल्मोड़ा में जनपद अल्मोड़ा में विधान सभा क्षेत्र रानीखेत के अन्तर्गत रानीखेत जालली मॉसी मोटर मार्ग के पनघट से ग्राम गुलोली होते हुवे अमयाड़ी की ओर लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण प्रस्तावित है। मार्ग की लम्बाई 2.00 किमी0 है। वर्तमान में गुलोली ग्राम किसी सडक मार्ग एंव लिंक मार्ग से जुड़े नहीं है। जिससे यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है। मार्ग का निर्माण न होने से यहॉ की जनता को मूलभूत सुविधायें जैसे अनाज, फल, सब्जी तथा ईलाज के लिये पैदल चलकर जाना पड़ता है। मार्ग का निर्माण होने से यहॉ के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिलेगी। मार्ग निर्माण का मुख्य लक्ष्य स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा से जोड़ना, उनको मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराना उनके द्वारा उत्पादित फल एंव सब्जियों को बाजार तक पहुॅचाना एंव क्षेत्र को विकास की ओर अग्रसर करना है।

अतः उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत।